Seat No. : ______________

MA-111(H)

March-2019

B.Com., Sem.-I

CC-101 : Economics-1
[Principles of Economics]
(New)

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

(Hindi Version)

1. (A) घटती सीमान्त उपयोगिता का सिद्धान्त इसकी सीमाओं सहित समझाइए । **14**

अथवा

तटस्थ रेखा का अर्थ दीजिए । तटस्थ रेखा के लक्षणों को आकृति की सहायता से समझाइए ।

(B) निम्न विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए : **4**

(1) घटती सीमान्त उपयोगिता की मदद से माँग का नियम सर्वप्रथम किस अर्थशास्त्री ने दर्शाया ?
(a) हिक्स (b) मार्शल (c) गोसेन (d) पीगू

(2) सीमान्त उपयोगिता रेखा कैसी होती है ?
(a) क्षेतिज अक्ष के समान्तर (b) धनात्मक ढालवाली
(c) ऊर्ध्वाधर अक्ष के समान्तर (d) ऋणात्मक ढालवाली

(3) यदि कुल उपयोगिता अधिकतम होती है तो सीमान्त उपयोगिता ________ होती है ।
(a) धनात्मक (b) ऋणात्मक
(c) शून्य (d) वर्धमान

(4) बजट रेखा ढाल क्या दर्शाती है ?
(a) कीमत का गुणोत्तर (b) आवक और लागत का गुणोत्तर
(c) दो वस्तुओं की विनिमय दर (d) कीमत और उपभोग का गुणोत्तर

2. (A) आय प्रभाव का अर्थ दीजिए । आकृतियों की सहायता से आय प्रभाव के प्रकार समझाइए । **14**

अथवा

सीमान्त प्रतिस्थापन दर और गिफिन वस्तुओं की संकल्पनाओं को आकृति की सहायता से समझाइए ।

(B) निम्न विकल्पों से सही उत्तर चुनिए : **4**

(1) तटस्थ रेखा की मदद से माँग के नियम का स्पष्टीकरण करने वाले अर्थशास्त्री______ हैं ।
(a) हिक्स (b) मार्शल (c) गोसेन (d) पीगू

(2) आय स्थिर हो परन्तु कीमत में बदलाव हो तब उपभोक्ता साम्या वस्था में होने वाले परिवर्तन को______कहते है ।
(a) माँग प्रभाव (b) आय प्रभाव
(c) कीमत प्रभाव (d) प्रतिस्थापन प्रभाव

(3) प्रो. मार्शल किस वस्तु की माँग को नहीं समझा सके ?

(a) निम्न स्तरीय वस्तु (b) सामान्य वस्तु

(c) आवश्यक वस्तु (d) विलासिता वस्तु

(4) उपभोक्ता संतुलन की स्थिति में कौन सी दो रेखाएँ परस्पर स्पर्श करती हैं ?

(a) तटस्थ रेखा और बजट रेखा (b) बजट रेखा और कीमत रेखा

(c) तटस्थ रेखा और संतृप्ति रेखा (d) तटस्थ रेखा और मांग रेखा

3. (A) माँग की मूल्य सापेक्षता को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए । **14**

अथवा

माँग की आय सापेक्षता को उदाहरण की सहायता से समझाइए । इसका महत्व समझाइए ।

(B) निम्न विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए : **3**

(1) विलासिता वस्तुओं की माँग की मूल्य सापेक्षता ________ होती है ।

(a) शून्य (b) इकाई (c) मूल्य सापेक्ष (d) मूल्य निरपेक्ष

(2) गिफिन वस्तुओं की माँग की आय सापेक्षता कैसी होती है ?

(a) ऋणात्मक (b) शून्य (c) अनन्त (d) धनात्मक

(3) जब कीमत ₹ 12 से बढ़कर ₹ 20 होती है तब माँग 30 इकाइयों से घटकर 20 इकाई हो जाती है । तो माँग की मूल्य सापेक्षता होती है

(a) 0.5 (b) 0.8 (c) 1.0 (d) 1.2

4. (A) परिवर्तनशील साधन प्रमाण का नियम आकृति की मदद से समझाइए । **14**

अथवा

फर्म विकास के लाभ और गैर-लाभ बताइए ।

(B) निम्न विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए : **3**

(1) दीर्घ अवधि उत्पादन के सभी साधन ________ होते हैं ।

(a) स्थिर (b) अस्थिर

(c) स्थायी (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(2) घटते उत्पादन का नियम किस समय अवधि का नियम है ?

(a) दीर्घ अवधि (b) दस वर्ष की अवधि

(c) अल्प अवधि (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(3) यदि सभी साधन एक साथ बढ़ते हैं तो शुरूआत में सीमान्त क्षतिपूर्ति होती है

(a) बढ़ती (b) घटती (c) शून्य (d) स्थिर

Seat No. : ______________

MA-111(H)

March-2019

B.Com., Sem.-I

CC-101 : Economics
[Fundamental of Business Economics]
(Old)

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

(Hindi Version)

1. (A) रोबिन्स द्वारा दी गई अर्थशास्त्र की परिभाषा को इसकी सीमाओं सहित समझाइए । **14**

अथवा

मार्शल द्वारा दी गई उपभोक्ता अधिक संतुष्टि की संकल्पना को समझाइए ।

(B) निम्न कथन सत्य है अथवा असत्य, बताइए । **4**

(1) माँग और कीमत में सहसम्बन्ध होता है ।

(2) रोबिन्स ने अर्थशास्त्र को एक वास्तविक विज्ञान के रूप में प्रस्तुत किया ।

(3) सीमेण्ट की माँग व्युत्पन्न माँग है ।

(4) अर्थशास्त्र में व्यक्तिगत माँग का अध्ययन महत्त्वपूर्ण है ।

2. (A) माँग का नियम और उसके अपवाद समझाइए । **14**

अथवा

माँग की मूल्य सापेक्षता का अर्थ और प्रकार समझाइए ।

(B) निम्न कथन सत्य है अथवा असत्य बताइए । **4**

(1) उपयोगिता का अर्थ केवल आनन्द नहीं है ।

(2) वस्तु का विक्रय ही वस्तु की आपूर्ति के समान ही है ।

(3) व्यक्ति की मानसिक क्षमता उसकी सम्पति है ।

(4) गिफिन वस्तुओं में आय सापेक्षता नकारात्मक होती है ।

3. (A) औसत लागत और सीमान्त लागत की संकल्पना को आकृति के साथ समझाइए और उन दोनों के मध्य सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए । **14**

अथवा

सम–उत्पाद रेखा का अर्थ समझाइए और उसके कोई दो लक्षण बताइए ।

(B) निम्न कथन सत्य है अथवा असत्य बताइए। **3**

(1) दो सम–उत्पाद रेखाएँ कभी एक दूसरे को प्रतिच्छेद नहीं करती।

(2) औसत खर्च रेखा 'U' आकार की होती है।

(3) कुल उत्पादन खर्च ÷ उत्पादन इकाई संख्या = औसत खर्च

4. (A) कीमत विभेद क्या है ? यह कब सम्भव और लाभकारी होता है ? **14**

अथवा

विक्रय लागत और उत्पादन लागत में अन्तर समझाइए। माँग रेखा पर विक्रय लागत के प्रभाव समझाइए।

(B) निम्न कथन सत्य है अथवा असत्य बताइए : **3**

(1) अल्पाधिकार में फर्मों की संख्या विशाल होती हैं।

(2) पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाज़ार में फर्मों की संख्या असंख्य होती हैं।

(3) एकाधिकार में फर्म की कीमत पर उच्चतम नियन्त्रण होता है।